**अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र**
**अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली**

## <u>हिंदी पखवाड़ा, 2025 का आयोजन ( 1 सितंबर 2025 से 14 सितंबर, 2025)</u>

अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र में प्रतिवर्ष के अनुरूप वर्ष 2025 में भी 1 सितंबर 2025 से 14 सितंबर, 2025 तक हिंदी पखवाड़ा-2025 आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केंद्र के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री बिश्वम्भर दत्त की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 1 सितंबर, 2025 से उद्घाटन समारोह के साथ किया गया।




इस समारोह में केंद्र के विभिन्न प्रभागों एवं अनुभागों के अध्यक्ष, वैज्ञानिक एवं तकनीकी तथा प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित थे। हिंदी पखवाड़ा उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथियों के रूप में प्रो.पी एन सिंह, निदेशक, अंतर-विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र और डॉ.बरुण कुमार, सेवानिवृत्त निदेशक (राजभाषा), रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय उपस्थित थे। अपनी गरीमामयी उपस्थिति द्वारा मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते हुए की गई। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा कि हिंदी पखवाड़ा मात्र एक औपचारिकता नहीं है अपितु इसका उद्देश्य स्टाफ सदस्यों को कामकाज में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने हेतु वर्ष भर प्रेरित करना है। उन्होंने केंद्र में हिंदी कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ वर्ष भर सद्भावना से हिंदी में कार्य करने और राजभाषा नियमों का पालन करने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम में आगे सभी उपस्थितों के लिए एक हिंदी चलचित्र प्रस्तुत किया गया और पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम हिंदी अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।






**<u>हिंदी पखवाड़ा उद्घाटन समारोह 1 सितंबर, 2025 (वर्ष -2025)</u>**

# हिंदी पखवाड़ा, 2025 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं की एक झलक

**हिंदी सुलेख प्रतियोगिता (2 सितंबर, 2025)**



**हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (3 सितंबर, 2025)**




**अनुवाद प्रतियोगिता ( 9 सितंबर, 2025)**



**हिंदी काव्यपाठ प्रतियोगिता (10 सितंबर, 2025)**




**आशुभाषण प्रतियोगिता ( 11 सितंबर, 2025)**





हिंदी पखवाड़ा, 2025 के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर पुरस्कृत किया गया । यह कार्यक्रम 16 सितंबर, 2025 को आयोजित किया गया था । सभी विजेताओं को श्री सी.पी.साफ़वान, वैज्ञानिक-एच द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।




राजभाषा प्रकोष्ठ, समय-समय पर जारी राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों को केंद्र में समुनचत रूप से लागू किए जाने एवं उनके अनुपालन को सुनिश्चित किए जाने के अपने दायित्व के प्रति सदैव प्रतिबद्ध एवं प्रयासरत है।